न्यायालय जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

अपील सूचना अधिकार संख्या 34/2023(GCMS 2023/133)
(आरटीआई संख्या 212109506999125)

श्री अवतार सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी डी–09, अम्बिका सिटी, पदमपुर रोड़, श्रीगंगानगर

बनाम

प्रभारी अधिकारी न्याय शाखा, एवं अति. जिला कलक्टर, सतर्कता, श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

23.04.2025

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी श्री अवतार सिंह स्वयं उपस्थित नहीं हुए, पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी ने प्रभारी अधिकारी, न्याय शाखा एवं अति. जिला कलक्टर, सतर्कता, श्रीगंगानगर से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 03.05.2023 से दो बिन्दुओं की सूचना चाही थी, जो लोक सूचना अधिकारी ने उसे निश्चित समय सीमा में उपलब्ध नहीं करवाई है, इसलिए उसने लोक सूचना अधिकारी से वांछित सूचनाएं उपलब्ध करवाने की प्रार्थना के साथ यह अपील है।

मैनें, पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी श्री अवतार सिंह ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 03.05.2023 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, न्याय शाखा एवं अति. जिला कलक्टर, सतर्कता, श्रीगंगानगर से निम्न दो **सूचना चाही थी** :

1. मेरे वृद्ध पिता की लाईसेंसी बंदूक मैने अपने नाम करवाने के लिए मेरे द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र विचाराधीन है।
2. श्रीमान् जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा भेजी गयी जांच रिपोर्ट दिनांक 06.10.2022 आने के बाद मेरे प्रार्थना पत्र पर जो निर्णय लिया गया है, उसकी नकल दी जाये। यदि निर्णय नहीं लिया गया है तो भी सूचना दी जाये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 15:52:17 IST
Reason: SelfAttested

प्रभारी अधिकारी, न्याय शाखा, [illegible] श्रीगंगानगर को इस कार्यालय के पत्रांक सीजी/वाचक/23/994 दिनांक [illegible] 2023, 853/18.06.2024 एवं 1221/28.08.2024 से लिखे जाने के पश्चात् [illegible] उनके द्वारा कोई जवाब/टिप्पणी प्रस्तुत नहीं की है, उनके द्वारा अपीलार्थी [illegible] कोई जवाब दिया है [illegible] नहीं। जबकि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 7 में निम्न प्रकार से प्रावधान है:

Manju
जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

धारा 7 अनुरोध का निपटारा : (1) धारा 5 की उप धारा (2)के परंतुक या धारा 6 की उप–धारा (3) के परंतुक के अधीन रहते हुए, धारा 6 के अधीन अनुरोध के प्राप्त होने पर यथास्थिति, केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, या राज्य लोक सूचना अधिकारी यथा संभव शीघ्रता से और किसी भी दशा में अनुरोध की प्राप्ति के तीस दिन के भीतर ऐसी फीस के संदाय पर जो विहित की जाए, या तो सूचना उपलब्ध कराएगा या धारा 8 और धारा 9 में विर्निदिष्ट कारणों में से किसी कारण से अनुरोध को अस्वीकार करेगा।

परन्तु जहां मांगी गई जानकारी का संबंध किसी व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता से है, वहां वह अनुरोध प्राप्त होने के अड़तालीस घंटे के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी।

चूंकि प्रभारी अधिकारी, न्याय शाखा, द्वारा बिन्दु संख्या 1 से 2 के सम्बन्ध में अपीलर्थी को कोई जवाब प्रेषित किया हो, यह ज्ञात नहीं होता है। उनके द्वारा अपीलार्थी के धारा 6(3) के प्रार्थना पत्र पर कोई सूचना दिये जाने अथवा न दिये जाने के सम्बन्ध में कोई निर्णय लिया है अथवा नही? जबकि धारा 7(1) के तहत 30 दिवस में निर्णय लिया जाना आवश्यक हैं इसलिए प्रार्थी की अपील आंशिक रूप से स्वीकार करने योग्य है।

अतः उक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी की अपील आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है और **प्रभारी अधिकारी, न्याय शाखा, कलक्ट्रेट,** श्रीगंगानगर **को मामला इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित(Remand) किया जाता है कि** अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचनाओं के बिन्दु संख्या 1 से 2 के सम्बन्ध में आदेश प्राप्ति के 07 दिवस में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत निर्णय किया जावे। **आदेश की प्रति लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अध्किारी, न्याय शाखा, कलक्ट्रेट,** श्रीगंगानगर **को पालनार्थ भिजवाई जावे एवं अपीलार्थी को भी सूचनार्थ की प्रति भिजवाई जावे।** पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Manju
Date: 2025.07.23 15:52:17 IST
Reason: SelfAttested

यह आदेश आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. मन्जू)
जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर